Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide NOC for four lane road construction in Ratapani wild life sancturary.

श्री रमाकान्त भार्गव (विदिशा): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र विदिशा, म. प्र. के राष्ट्रीय राजमार्ग 69 पर फोरलेन सड़क की स्वीकृति होकर सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है मेरे संसदीय क्षेत्र बरखेड़ा से बुधनी तक 12.50 किलोमीटर लंबाई की सड़क मार्ग रातापानी वन्य प्राणी अभ्यारण क्षेत्र के अंतर्गत आता है । इस क्षेत्र में फोरलेन सड़क निर्माण के कार्य की अनुमति प्राप्त नहीं होने से फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य नहीं हो पा रहा है । मैंने यह मामला माननीय अध्यक्ष महोदय आपके माध्यम से 23 सितंबर, 2020 को सदन में उठाया था । मैंने माननीय वन मंत्री महोदय से पुनः अनुरोध किया था, वर्तमान में क्षेत्र की फोरलेन सड़क की स्थिति यथावत है । सड़क निर्माण की एन.ओ.सी. में कोई प्रगति नहीं हुई है । माननीय अध्यक्ष महोदय आपके माध्यम से माननीय वन मंत्री महोदय से यह अनुरोध है कि रातापानी वन्य प्राणी अभ्यारण क्षेत्र में फोरलेन सड़क निर्माण की एन.ओ.सी. शीघ्र प्रदान कराने का कष्ट करें ।